जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झांसी

सर्व साधाण को सूचित किया जाता है कि माननीय जनपद न्यायाधीश झांसी के आदेश दिनांकित 22.02.2019 के अनुपालन में बुन्देलखण्ड महाविद्यालय झांसी एंव स्वामी विवेकानन्द लॉ कालेज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्र दिनांकित 18.02.2019 के अनुसार बुन्देलखण्ड महाविद्यालय झांसी एंव स्वामी विवेकानन्द लॉ कालेज, गढियागॉव, झांसी में स्थापित लीगल एड क्लीनिक हेतु निम्नलिखित कम्प्युटर उपकरण क्रय किये जाने हेतु विभिन्न पंजीकृम फर्मो से कुटेशन आमंत्रित किये जाने हैं।

अतः इच्छुक पंजीकृत विक्रेता निम्नलिखित सामग्री क्रय किये जाने हेतु अधोलिखित शर्तो के अधीन अपनी फर्म का कुटेशन कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय परिसर, झांसीमें दिनांक 28.02.2019 तक जमा करना सुनिश्चित करें।

क्रम	उपकरण/सामग्री	लीगल एड क्लीनिक बुन्देलखण्ड महाविद्यालय हेतु	लीगल एड क्लीनिक स्वामी विवेकानन्द लॉ कालेज, हेतु	कुल संख्या
1	डैस्कटाप– कम्पलीट सेट कम्प्युटर	01 सेट	01 सेट	02 सेट
2	कलर प्रिन्टर	01 नग	01 नग	02 नग

नियम व शर्तेः–

1. क्रय की गयी सामग्री लीगल एड क्लीनिक में नियत स्थान पर पहुँचाने एंव उसके इंस्टालेशन इत्यादि का खर्च आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा वहन किया जायेगा।
2. अंकित सामग्री की संख्या एंव मात्रा घट–बढ सकती है।
3. भुगतान ससमस्त सामग्री स्थापित होने के पश्चात ही किया जायेगा।
4. आवेदक को कुटेशन के साथ सामग्री का मूल्य, मॉडल व ब्रान्ड का नाम भी अंकित कर संलग्न होगा।
5. वारन्टी अन्तराल में सामग्री खराब होने पर उसको लाने व पुनः स्थापित करने की जिम्मेवारी स्वंय अपने खर्च पर टेन्डर लेने वाली फर्म की होगी।
6. किसी भी कुटेशन को निरस्त करने का अधिकार जनपद न्यायाधीश झांसी में निहित है। इसके लिये कारण बताने हेतु जनपद न्यायाधीश झांसी बाध्य नहीं होगें।
7. किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र जनपद न्यायालय झांसी होगा।

इस सम्बन्ध में नोडल अधिकारी कम्प्यूटर से अनुरोध है कि सूचना माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद एंव जनपद न्यायालय झांसी की अधिकारिक बेवसाईट पर भी अपलोड कराये जाने का कष्ट करें।

दिनांक 22.02.2019

(शकील अहमद खान)
अध्यक्ष, क्रय समिति/द्वितीय अपर जिला जज/
विशेष न्यायाधीश एस0सी0/एस0टी0एक्ट
झांसी

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु प्रेषितः–

1. नोडल अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय झांसी
2. नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय झांसी
3. कार्यालय, जिलाधिकारी, झांसी
4. कार्यालय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झांसी
5. कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी, झांसी
6. कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी झांसी
7. कार्यालय, मुख्य चिकित्ससाधिकारी, झांसी

(शकील अहमद खान)
अध्यक्ष, क्रय समिति/द्वितीय अपर जिला जज/
विशेष न्यायाधीश एस0सी0/एस0टी0एक्ट
झांसी